# मेरे शंकरा | By Shubham Sharma |

तेरे कैलाशों में डमरू
बजते तेरे नाम के।
चाँद, तारे और सूरज
जलते तेरे नाम से॥

ओ मेरे भोले बाबा,
हमको भी बुला ले ना।
सर पे मेरे हाथ रख के,
बिगड़ी मेरी बना दे ना॥

जय हो मेरे भोले बाबा,
जय हो मेरे शंकरा॥

दर पे तेरे आए जो भी,
सबके दुखड़े सुनता है।
जपते हैं जो नाम तेरा,
कष्ट उनके हरता है॥

मैं भी भोले शरण तेरी,
मुझको भी अपना लेना।
फिर रहा हूँ दर-बदर मैं,
आके अपना बना ले ना॥

जय हो मेरे भोले बाबा,
जय हो मेरे शंकरा॥

देवों के देव तुम हो,
मेरे महादेवा।
भक्तों को देते दरस जो,
करे तेरी सेवा॥

दिल में मेरे तुम ही भोले,
दिल से दिल को लगा लेना।
प्यार मेरा तुम ही भोले,
प्यार को तुम बढ़ा देना॥

जय हो मेरे भोले बाबा,
जय हो मेरे शंकरा॥

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-shubham-sharma/